भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं.रा.भा. 3(3)/2021-हिन्दी

दिनांक 06 जुलाई, 2021

## परिपत्र

**विषय: परिषद के अधीनस्थ संस्थानों द्वारा प्रकाशित हिन्दी पत्रिकाओं को "गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार" (वर्ष 2020) प्रदान करने के संबंध में।**

परिषद ने अपने अधीनस्थ क,ख, एवं ग क्षेत्र में स्थित संस्थानों द्वारा हिन्दी में प्रकाशित की जाने वाली गृह पत्रिकाओं को स्तरीय तथा प्रतिस्पर्धात्मक बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2004-2005 से "गणेश शंकर विद्यार्थी हिन्दी पत्रिका पुरस्कार" योजना शुरू की है। वर्ष 2020 के दौरान प्रकाशित पत्रिकाओं के लिए प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने के पश्चात सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निम्नलिखित पत्रिकाओं को पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। पुरस्कार के लिए चुनी गई पत्रिकाओं का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | चयनित पत्रिका का नाम | संस्थान का नाम ('क' एवं 'ख' क्षेत्र के संस्थानों के लिए) | पुरस्कार |
|---|---|---|---|
| 1. | इक्षु | भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ | प्रथम |
| 2. | हिमज्योति | शीतजल मात्सियकी अनुसंधान निदेशालय, भीमताल, नैनीताल | द्वितीय |
| 3. | शालिहोत्र दर्शन | भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर | तृतीय |
| | | **संस्थान का नाम ('ग' क्षेत्र के संस्थानों के लिए)** | |
| 1. | मत्स्यगंधा | केन्द्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोचीन | प्रथम |
| 2. | रेशा किरण | केन्द्रीय पटसन एवं समवर्गीय रेशा अनुसंधान संस्थान, कोलकाता | द्वितीय |

उपरोक्त के अलावा निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके सराहनीय प्रकाशन के लिए प्रोत्साहन के रूप में चुना गया:-

| क्र.सं. | चयनित पत्रिका का नाम | संस्थान का नाम ('क' एवं 'ख' क्षेत्र के संस्थान) |
|---|---|---|
| 1. | सोयवृतिका | भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर |
| 2. | लाक्षा | भारतीय प्राकृतिक राल एवं गोंद संस्थान, रांची |
| 3. | सब्जी किरण | भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान, वाराणसी |
| | | **संस्थान का नाम ('ग' क्षेत्र के संस्थान)** |
| 1. | नीलांजलि | केन्द्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, कोलकाता |

उपर्युक्त संस्थानों को यह पुरस्कार भाकृअप के स्थापना दिवस समारोह में प्रदान किए जाएंगे जिसके बारे में अलग से सूचना दी जाएगी।

सीमा चोपड़ा 6.7.21

**(सीमा चोपड़ा)**
**निदेशक (रा.भा.)**

**वितरण :**

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/केन्द्रों के निदेशक (ई-आफिस के माध्यम से)।
2. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी संस्थानों/निदेशालयों/केन्द्रों के उप-निदेशक (रा.भा.)/सहायक निदेशक (रा.भा.)/हिन्दी अधिकारी/तकनीकी अधिकारी/हिंदी अनुभाग के प्रभारी को सूचनार्थ प्रेषित (ई-आफिस के माध्यम से)।
3. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद मुख्यालय के सभी अधिकारी/अनुभाग जिसमें कृषि अनुसंधान भवन-I/II भी शामिल है (ई-आफिस के माध्यम से)।
4. परियोजना निदेशक (डीकेएमए), भाकृअप, कृषि अनु.भवन-I, पूसा, नई दिल्ली-12 को भाकृअप की वैबासाइट में अपलोड करने हेतु।